RAF SECTOR
NEWS CLIP
01/11/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat khabar, Jamshedpur (JKD)

रैफ के जवानों ने लौह पुरुष के कार्यों को जाना

- रैफ कमांडेंट ने राष्ट्रीय एकता के लिए सभी जवानों को शपथ दिलायी

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर बटालियन स्तर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया. मौके पर रैफ 106 बटालियन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ रैफ 106 के कमांडेंट डॉ निशीत कुमार के निर्देशन में किया गया. इस मौके पर रैफ कमांडेंट डॉ निशीत कुमार ने राष्ट्रीय एकता के लिए सभी जवानों को शपथ दिलायी. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवनी के बारे में बल के सभी कार्मिकों को बताया गया. कार्यक्रम के दौरान दौड़, साइक्लिंग तथा मार्च-पास्ट किया गया. इसके अलावा 14 नवंबर तक अन्य कई कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जायेगा. इसमें सफाई अभियान, चित्रांकन प्रतियोगिता, निबंध लेखन, क्वीज प्रतियोगिता तथा भारत की अखंडता एवं एकता विषय पर आधारित वाक-विवाद प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार के खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा. इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्विनी कुमार मौके पर मौजूद थे. इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी तथा लगभग 500 महिला- पुरुष सैनिक मौजूद थे.

Aaj News, Prayagraj (U.P)

आरएएफ सहित कई अन्य संस्थाओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनायी जयंती

फाफामऊ(प्रयागराज)। आरएएफ सहित कई अन्य संस्थाओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी। जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। ३१ अक्टूबर को शांतिपुरम स्थित १०१ बटालियन द्रुत कार्य बल वाहिनी के प्रांगण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी। इस दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप मानते हुए वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने सभी कार्मिकों को एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलायी। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के प्रति अद्वितीय योगदान के बारे में जवानों को बताया। इसी तरह मातादीन का पूरा गांव में कुर्मी मंच द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी ।जयंती समारोह में राजकुमार पटेल, विजय पटेल, प्रेम कुमार, जय पटेल, सोनू आदि लोग उपस्थित रहें। फाफामऊ थाना में सरदार पटेल की जयंती पर प्रभारी निरीक्षक रामकेवल पटेल ने सभी पुलिस कर्मियों को एकता अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

आप कार्यकर्ताओं ने मनायी सरदार पटेल की जयंती

करछना(प्रयागराज)।आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन निष्ठा व सेवा का प्रेरणा देता है । आजादी के बाद देश छोटे छोटे रियासतों में बंटना चाह रहा था परंतु पटेल जी के दूरदर्शीता एवं अथक प्रयास से ही भारत की एकता व अखंडता बनी रही वे देश हित के लिये कठोर निर्णय लेने के लिये जाने जाते है ।

Photos of National Unity Day

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।